# UK के स्टार्टअप्स यूपी में करेंगे निवेश, संभावनाओं पर हुई चर्चा

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** यूनाइटेड किंग्डम (UK) के स्टार्टअप्स और कंपनियां यूपी में निवेश करेंगी। मंगलवार को इनोवेट UK के प्रतिनिधिमंडल की इन्वेस्ट यूपी के सीईओ के साथ बैठक हुई। इस दौरान व्यावसायिक संबंधों को विस्तार देने पर चर्चा हुई। इनोवेट की पार्टनरशिप मैनेजर चार्ली फ्रेजर ने कहा कि यूपी का कंस्यूमर बेस बड़ा व विविधतापूर्ण है। बेहतर कनेक्टिविटी व निवेश के अनुकूल नीतियों को देखते हुए यहां इनोवेशन व रिसर्च में काम करने की काफी संभावनाएं हैं।

इन्वेस्ट यूपी के CEO अभिषेक प्रकाश ने प्रतिनिधिमंडल को यूपी में निवेश की संभावनाओं व नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्यों पर चर्चा करते हुए बताया कि यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, रियल एस्टेट, सोलर व ग्रीन एनर्जी, टेक्सटाइल, सीमेंट, स्टील, पैकेजिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फूड प्रॉसेसिंग आदि क्षेत्रों में निवेश के व्यापक अवसर हैं। UK के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे यूपी में शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर में इनोवेशन, ईवी, एयर क्वॉलिटी, बैटरी इंडस्ट्री, एआई बेस्ड लॉजिस्टिक्स, सीवेज मैनेजमेंट, स्मार्ट मोबिलिटी आदि क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर विचार कर रहे हैं।




**UK के प्रतिनिधिमंडल ने इन्वेस्ट यूपी के CEO अभिषेक प्रकाश से मुलाकात की।**